हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 30 जुलाई 2025

04 समस्त तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर की जाएगी...



07 पार्वती नदी खतरे के पार, चंबल ने बढ़ाई धड़कन...





## खबर संक्षेप

### स्नातक प्रोग्रामों में प्रवेश हेतु प्रथम ऑफलाइन काउंसिलिंग 30 से

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर में सत्र 2025-26 के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रथम ऑफलाईन काउंसिलिंग 30 जुलाई से 01 अगस्त तक विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न होगी। समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत समस्त छात्र काउंसिलिंग हेतु रिर्पोटिंग समय सुबह 10:00 बजे रहेगा। काउंसिलिंग हेतु कट-ऑफ, सीटों की जानकारी, काउंसिलिंग स्थल एवं अन्य प्रवेश जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड की गई है। उक्त काउंसिलिंग विश्वविद्यालय परिसर हिल्स कैम्पस स्थित कणाद भवन, भौतिकी, फार्मसी, कॉमर्स, लॉ, अंग्रेजी, संचार एवं पत्रकारिता विभाग (टीएलसी भवन) सहित संगीत विभाग में तथा वैली कैम्पस स्थित ललित कला एवं प्रदर्शन कारी कला विभाग, नेपाल पैलेस स्थित बिजनिस मैनेजमेंट विभाग एवं स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगी। आवेदकों को काउंसिलिंग में भौतिक रूप से उपस्थित होना होगा। किसी विशिष्ट अपरिहार्य कारण से यदि आवेदक उपस्थित नहीं हो पाते है तब वे अपना प्रतिनिधि भेज सकते है। आवेदक प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की बेवसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

### कलेक्टर ने मोतीनगर बस स्टैंड का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ मोतीनगर में बने नए बस स्टेण्ड का निरीक्षण किया एवं वहां मौजूद यात्रियों से नए बस स्टेण्ड के संबंध में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि बस स्टेण्ड परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की तैनाती की जावे साथ में बस स्टेण्ड परिसर में साफ सफाई निरंतर की जावे बसों का रखरखाव ठीक से किया जावे।

### जिले में अब तक 720.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 720.2 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 983.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 570.7 मि.मी., जैसीनगर में 637.8 मि.मी., राहतगढ़ में 983.6 मि.मी., बीना में 638.4 मि.मी., खुरई में 763.2 मि.मी, मालथौन में 747.3 मि.मी., बण्डा में 676.2 मि.मी, शाहगढ में 713.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 666.6 मि.मी, रहली में 608.2 मि.मी, देवरी में 769.7 मि.मी. तथा केसली में 866.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### कलेक्टर के निर्देश पर 500 से अधिक जाति प्रमाण पत्रों के आवेदन दर्ज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में 5 दिवसीय जाति प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के दूसरे दिन तक 500 से अधिक आवेदन पोर्टल पर दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि अब तक लगभग 50 से अधिक जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। शिविरों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनने से बच्चों और उनके अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में 28 जुलाई से 2 अगस्त तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थियों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र जैसे आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। यह शिविर उन छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी हैं जिन्हें शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं अन्य लाभों के लिए इन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

### कलेक्टर ने भापेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के दिए टिप्स पाठ्यक्रम और पुराने प्रश्नपत्रों के महत्व को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भापेल का निरीक्षण किया। कलेक्टर के द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भापेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास शाहवाल साथ रहे।



### कलेक्टर ने पूंछा क्या बनोगे ?

कलेक्टर संदीप जी आर ने भापेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर कक्षा 11वीं 12वीं की अंग्रेजी, विज्ञान एवं हिन्दी की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनके अध्ययन के संबंध में एवं कक्षा में पढाए जा रहे विषय के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चर्चा के दौरान बच्चों से पूंछा कि आंगे क्या बनोंगे जबाव आया डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस, आईएएस कुछ बच्चों ने स्टॉर्टअप करने एवं स्पोर्ट में भी जाने की बात कही । उन्होंने बच्चों को स्कूली परीक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम और पुराने वर्षो के प्रश्नपत्र महत्वपूर्ण होते हैं। साथ में उन्होंने कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के बारे में भी बताया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से यूपीएससी का सिलेबस एवं प्रश्नपत्र भेजने का भी वादा किया। कलेक्टर संदीप जी आर निरीक्षण के दौरान हिन्दी की कक्षा में पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों को अंग्रेजी सीखने के लिए मोटीवेट किया एवं बताया कि पढाई के लिए हिन्दी के साथ साथ अंग्रेजी भी किस प्रकार महत्वपूर्ण है। उन्होंने साईकिल का उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे साईकिल चलाना सीखते समय प्रारंभ में डर लगता है वैसे ही अंग्रेजी सीखने में प्रारंभ में डर लग सकता है परंतु हमें अंग्रेजी से डरना नहीं है। उन्होंने बच्चों से कहा कि रोज थोड़ा थोड़ा अंग्रेजी सीखने एवं बोलने का प्रयास करना है इस दौरान उन्होंने बच्चों को मोबाइल एवं इंटरनेट तकनीति का बेहतर उपयोग करने की भी सलाह दी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया एवं उनसे अपील की कि आप सभी अपने अपने अभिभावकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरुक करें। उन्होंने बच्चों से पूंछा आपको और क्या सुविधा चाहिए। उन्होंने स्कूल में कम्पूटर सिस्टम एवं कम्प्यूटर हेतु शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के स्थापना दिवस पर विद्यालय के सफल हुए पूर्व छात्रों का सम्मेलन कराएं साथ ही कहा कि जो छात्र विदेश में हैं उन्हें व्हीसी के माध्यम से सम्मेलन में जोड़ा जाए।

कलेक्टर संदीप जी आर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भापेल के भवन का निरीक्षण किया एवं उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि शाला परिसर में साफ सफाई रखी जावे। विद्यालय में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिक्षक समय के पूर्व विद्यालय में उपस्थित रहे और समय से ही वापिस जाएं इसी प्रकार शाला का संचालन पूरे समय हो। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुडटच बेडटच की जानकारी दें एवं शिकायत पेटी भी लगाएं। विद्यालय में महिला शिक्षक की मौजूदगी में काउंसलिंग कक्ष बनाएं और शिकायत पेटी में आने वाली शिकायतों के संधारण के लिए रजिस्टर भी संधारित किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए की बच्चों के अभिभावकों से लगातार संपर्क बनाए रखें एव अभिभावकों के साथ मीटिंग करें और अनुपस्थित छात्र छात्राओं की जानकारी उनको दें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तकों के वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि सभी की मैपिंग समय के पूर्व की जावे।




### चौरसिया समाज के चल समारोह का सेवादल परिवार ने किया स्वागत

**सागर।** नागपंचमी के पर्व को चौरसिया समाज द्वारा चौरसिया दिवस के रूप में मनाता है। मंगलवार को नागपंचमी के मौके पर चौरसिया समाज संगठन ने चल समारोह निकाला। चौरसिया समाज के चल समारोह का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार की ओर से चौरसिया समाज के चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल सामाजिक जनों पर पुष्प वर्षा की गई। चल समारोह में सम्मिलित नाग भगवान की झांकी की शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे द्वारा पूजन अर्चना की गई। स्वागत कर्ताओं में सेवादल परिवार से लल्ला यादव, लकी पंडा, लखन पटेल, दीपक पटेल, नरेश पटेल, अमन नामदेव, आकाश, तरूण सैनी, पंकज सोनी आदि सम्मिलित हुये।



### नागपंचमी पर निकला वर्षों पुराना छत्रसाल अखाड़ा

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागपंचमी के दिन शहर का वर्षों पुराना छत्रसाल अखाड़ा नगर कि पुरानी सब्जी मंडी स्थित सेठ परिवार के निज निवास से निकाला गया। जानकारी के अनुसार गढ़ाकोटा शहर के प्रतिष्ठित सेठ हजारीलाल गिरधारीलाल परिवार द्वारा प्रतिवर्ष नागपंचमी के दिन अपने पूर्वजों के वर्षों पुराने अखाड़े में पूजन किया जाता है। साथ ही सेठ परिवार के निज निवास स्थित अखाड़े से नगर के प्रमुख मागों से जुलूस के रूप मे निकालते हुये अपने पूर्वज पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्व सेठ गिरधारीलाल स्वतंत्रता संग्रामी सेनानी की समाधि स्थल घुन घुनिया मंदिर के पास पटेरिया रोड पहुंचता है जहां अखाड़े का प्रदर्शन कर सलामी दी जाती है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। यहां बता दें कि यह छत्रसाल अखाड़ा अंग्रजों के समय से है जिसकी तीन शाखाएं गढ़ाकोटा, सागर ओर हटा में थी। कार्यक्रम में नगर अखाड़े खेलने वालों के साथ सेठ परिवार व आमजन उपस्थित रहते हैं।

### स्वास्थ्य गतिविधियों में लापरवाही, सीएमएचओ टीकमगढ़ सहित 12 बीएमओ को दिए नोटिस

**सागर।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. नीना गिडियन ने टीकमगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर रोशन सहित संभाग के 12 बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह नोटिस 23 जुलाई को कमिश्नर अनिल सुचारी की अध्यक्षता में की गई संभागीय समीक्षा में स्वास्थ्य गतिविधियों में संतोषजनक कार्य न मिलने, को लेकर किए गए हैं। संभाग की मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्यु दर मप्र में सबसे ज्यादा है, इसे कम करने की चेतावनी भी दी है और कहा है कि इसमें कमी नहीं आई तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### इनको जारी किए नोटिस

डॉ. एसआर रोशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़, डॉ. अभिषेक सिंह सोलंकी, खंडचिकित्सा अधिकारी बल्देवगढ़ टीकमगढ़, डॉ. संजय अहिरवार, खंड चिकित्सा अधिकारी जतारा टीकमगढ़, डॉ. अजय गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी पलेरा टीकम गढ़, डॉ. सर्वेश लोधी, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहनगर पन्ना, डॉ. आशीष तिवारी, खंड चिकित्सा अधिकारी अमानगंज पन्ना, डॉ. राकेश शुक्ला, खंड चिकित्सा अधिकारी बड़ामलहरा छतरपुर, डॉ. लखन सिंग, खंड चिकित्सा अधिकारी गौरीहार छतरपुर, डॉ. अशोक बरोनिया, खंड चिकित्सा अधिकारी तेंदूखेड़ा दमोह, डॉ. डीके राय, खंड चिकित्सा अधिकारी जबेरा दमोह, डॉ. सुनील जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर सागर, डॉ. शशि कांत मनकेले, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहगढ़ सागर व डॉ. व्रिकांत गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी मालथौन सागर शामिल हैं।

एएनसी पंजीयन पिछले साल की तुलना में 3730 कम पाया गया, अर्ली रजिस्ट्रेशन पिछले साल 77 प्रतिशत की तुलना में कम होकर 70 हुआ, बर्थ वेटिंग रूम का क्रियान्वयन न पाया जाना, अप्रेल से जुलाई तक मात्र 8 मरीज ही भर्ती हुए मात्र 60 प्रतिशत मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिले में किसी भी विकासखंड में एनबीएसयू की स्थिति अच्छी नहीं पाई गई। टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत समस्त पैरामीटर में जिले के सारे विकासखंड की स्थिति काफी दयनीय पाई गई। एनीमिया स्क्रीनिंग भी संपूर्ण जिले में 6 प्रतिशत से अधिक नहीं पाया गया। मात्र 60 प्रतिशत मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की गई।

# पुल पार करते समय 24 वर्षीय गर्भवती महिला तेज बहाव में डूबी, तलाश जारी

### पति व ननद के साथ पूजा करने जाते समय हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ



देवरी थाना अंतर्गत ग्राम झुनकू में मंगलवार सुबह रामघाट नदी पर बने पुल पार करते समय 24 वर्षीय गर्भवती महिला पानी के तेज बहाव में बह गई। घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति एवं ननद के साथ बाइक पर सवार होकर मंदिर में पूजा करने जा रही थी। इसी दौरान पुल पार करते समय मोटर बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे सवार महिला उफनते नाले में जा गिरी। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौका स्थल पर पहुँचे, एसडीआरएफ टीम द्वारा महिला की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का नाम वंदना पति दशरथ साहू है जो फोरलाईन सड़क पर स्थित कल्पघाम कालोनी में निवास करती थी। मंगलवार सुबह वह अपने पति दशरथ साहू एवं ननद सविता साहू 22 वर्ष के साथ मोटर बाइक पर सवार होकर रामघाट मंदिर में पूजा करने जा रही थी। उसी दौरान रामघाट नाले पर बने पुल को पार करते समय पुल पर पानी अधिक होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उस पर सवार वंदना साहू नाले में गिरकर बह गई। परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया परंतु वह सफल नही हो सके और महिला पानी में बहकर डूब गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम, तहसील दार, एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की जानकारी ली एवं महिला की तलाश के निर्देश दिये है। दोपहर बाद पहुँची एसडीआरएफ टीम द्वारा बोट के जरिये महिला की तलाश की जा रही है।

#### दुर्घटना संवेदी पुलों पर नहीं संकेतक बोर्ड

देवरी विकासखंड में देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे असुरक्षित दुर्घटना संवेदी पुलों पर अब तक संकेतक बोर्ड नही लगाये गये है। क्षेत्र में बरसाती नालों एवं नदियों पर बने इन पुलों पर पानी होने की दशा में भी लोग अपनी जान खतरे में डालकर पुल पार करने का जोखिम उठाते है और दुर्घटनाओं का शिकार बन जाते है। देवरी नगर में ही लगभग आधा दर्जन पुल है जिन पर पानी होने की दशा में लोग असुरक्षित आवागमन करते है। ऐसे पुलों के दोनो तरफ चेतावनी बोर्ड एवं संकेतक लगाये जाने के निर्देश के बाद भी इस पर अमल नही हो सका है।

ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे असुरक्षित पुलों की तादाद दर्जनों में जिन पर रैलिंग भी नही है, ऐसे पुलों पर चेतावनी बोर्ड एवं संकेतक लगाया जाना आवश्यक है। साथ ही बाढ़ की दशा में ऐसे पुलों पर आवागमन को भी सख्ती से रोका जाना अनिवार्य है।



### पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम शुरू

**सागर।** बैंक कॉलोनी तिली रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में मंगलवार नागपंचमी पर्व से शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जो 6 अगस्त प्रदोषव्रत तक चलेगा। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रातः 8 बजे कलश स्थापना के साथ रुद्रनिर्माण हुआ 11.30बजे से पूजन अभिषेक किया गया। रुद्रनिर्माण और पूजन अभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खाद की कालाबाजारी और मूंग खरीदी में भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन को घेरा

# तहसील कार्यालय के गेट पर धरना देकर कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

खाद की कालाबाजारी, और मूंग खरीदी में भृष्टाचार सहित विद्युत समस्याओं एवं फसल क्षति सर्वे सहित अन्य मांगों को लेकर बड़ी संख्या में किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुँचे कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री की अगुवाई में मुख्यद्वार पर धरना देकर नारेबाजी की। राज्यपाल ज्ञापन देने पहुँचे कांग्रेसी प्रशासनिक अधिकारियों के रैवये से आहत दिखे और जन समस्याओं एवं भृष्टाचार के मुद्दे पर शासन-प्रशासन का घेराव किया। लगभग 4 घंटे तक चले इसे प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में एकत्र कृषकों एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाथ में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम देवरी को राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौपकर निराकरण की मांग की गई।



पूर्व मंत्री हर्ष यादव की अगुवाई में कांग्रेस ने आज किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया। हाथ में तख्तिया लेकर सैकड़ों की संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के मुख्य द्वार एवं सीड़ियों पर बैठकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। खाद की कमी को लेकर मौजूदा सरकार और प्रशासन को घेरते हुए कांग्रेस वक्ताओं ने सरकारी संरक्षण में खाद की कालाबाजारी एवं सरकारी मूंग खरीदी में भृष्टाचार के खुले आरोप लगाये। उन्होने खाद की मांग कर रहे किसानों के प्रति पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के कठोर रवैये पर भी ऐतराज जताया। क्षेत्र में व्याप्त प्रशासनिक जड़ता एवं अराजकता के लिए शासन-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस वक्ताओं ने सत्तारूढ़ दल पर भृष्टाचार एवं कमीशनखोरी के गंभीर आरोप लगाये। बाद में अनुविभागीय अधिकारी मुन्नवर खान द्वारा प्रदर्शनकारियों को शांत कर राज्यपाल के नाम प्रेषित 10 सूत्रीय ज्ञापन लिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी एवं नकली खाद के विक्रय पर रोक लगाई जाये एवं देवरी क्षेत्र के सोयाबीन, धान, मक्का, उड़द फसलों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराये एवं समितियों के माध्यम से भी वितरण सुनिश्चत करे। ज्ञापन में क्षेत्र में खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों के सुधार, विद्युत लाईनों की मरम्मत एवं अघोषित विद्युत कटौती रोके जाने की मांग की कई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुँचाये जाने के लिए स्मार्ट मीटर जबरन लगवाकर अबैद्य बसूली की जा रही है। उपभोक्ताओं की बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगवाये जा रहे है, उपभोक्ताओं ने मीटर के नाम पर पैसे लिये जा रहे है। ज्ञापन में अतिवृष्टि के कारण नष्ट हुई खरीफ फसलों के सर्वे कराकर उन्हे सरकारी सहायता एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग की कई। ज्ञापन में अतिवृष्टि के कारण मकान एवं कुंओं की क्षति एवं नहरे टूटने से प्रभावित कृषकों को मुआवजा दिये जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में मांग की गई कि देवरी एवं केसली विकासखण्ड में बड़ी संख्या में जीर्ण शीर्ण हो चुके सरकारी शाला भवनों के कारण गंभीर दुर्घटना की आशंका है, जिनका तत्काल सर्वेक्षण कराया जाये एवं भवनों की मरम्मत एवं जर्जर भवनों को ध्वस्त कर नये भवनों का निर्माण कराया जाये। ज्ञापन में केसली विकासखंड के ग्राम सेमरा, झिरिया सेमरा, चक्क ब्लेकी, खैरी घाघरी एवं ईदलपुर ग्रामों के कृषको की लगभग 450 एकड़ भूमि का निजी कंपनी द्वारा क्रय अनुबंध करने के संबंधी दावे की जांच की मांग की गई।




### संविधान से समाधान का आयोजन किया

**सागर।** वी दा पीपल्स अभियान एवं अचल ज्योति कल्याण फाउंडेशन* के तत्वाधान में संविधान को स्वयं के जीवन में अंगीकृत करते हुए सभी लोगों तक पहुंचाने 27-28 जुलाई 2025 को 2 दिवसीय कार्यशाला संविधान से समाधान का आयोजन दीपक होटल सिविल लाइन जिला सागर में आयोजित किया। संविधान को लेकर समुदाय में आज भी बहुत सीमित जानकारी है। हमारा संविधान बहुत संघर्षों के बाद बना है और हमने इसे खुद को खुद के लिए अंगीकृत किया है। इसे समझ कर अपने जीवन में उतारने से ही संविधान देश में प्रभावी लागू होगा, यह बात वी द पीपल अभियान से नवेन्दु जी द्वारा बताई गई। संविधान की प्रस्तावना का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए नवेन्दु ने कहा कि समानता स्वतंत्रता, बंधुत्व और संप्रभुता हमारी मानवीयता के नाते जन्म से जुड़ा हुआ है। छोटे बच्चे को भी बताने की जरूरत नहीं, वे अपने आप इन अधिकारों की मांग करते है। हमारे देश का संविधान भी इन्हीं मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया, उन्होंने संविधान की उद्देश्यिका को पड़ कर उसके एक एक शब्द पर आपस में चर्चा की जिससे सहभागियों की इस पर समझ बनी, सभी के द्वारा इस पर सतत चर्चा करने और इसको अमल में लेना तय किया गया। इस कार्यशाला में युवा वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता, मानवाधिकार कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, विशिष्ट रूप से खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवाल, अजाक्स अध्यक्ष सतीश चौधरी, गजेन्द्र अहिरवार, चंद्रेश बाल्मीकि, हाफ़ज़ि हारून, तनवीर, हेमन्त आजाद, सिद्धार्थ बौद्ध, स्नेहा, आशीष, रचना, मुस्कान, जयंती, सीलिमा बौद्ध आदि रहे। कार्यक्रम के समापन पर सामाजिक कार्यकर्ता माया अहिरवार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और संविधान को घर घर ले जाने और अपने स्वयं के जीवन में इसे अंगीकृत करने की शपथ ली।

## जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित न करने के कलेक्टर श्रोत्रिय ने दिए निर्देश

# समस्त तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर की जाएगी चैनल की सफाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के बिभिन्न आवश्यक मुद्दों पर चर्चाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें तालाबों के अतिक्रमण हटाने, जर्जर भवनो में न क्लास लगाने, बाढ़ व जलभराव से शहर का एबं बारिश से किसानों के हुए नुकसान का अवलोकन करने जैसे आवश्यक मुद्दों पर चर्चाकर अधिकारियो को निर्देश जारी किये गए।

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले में बारिश की वर्तमान स्थिति का जनपदवार समीक्षा करने और उसकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने के लिये जिले के सभी नगर परिषदो के सीएमओ और जनपद सीईओ को निर्देश दिये। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पूर्व में आई हुई बाढ़ की स्थिति का अवलोकन कर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। साथ ही वर्तमान एवं भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर उसका निराकरण किये जाने से संबंधित कार्ययोजना तैयार करें। सभी अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहें। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में तालाबों में जलभराव की बाधाएँ दूर करने के लिए तालाबों तक जल पहुँचाने वाले चैनल्स को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महेंद्र सागर, वृंदावन सागर, जतारा के मदनसागर तालाब के बाद बड़ागाँव धसान के पोखना तालाब पर कार्य शुरू किया गया है। इसके साथ ही कार्यपालन यंत्री, जलसंसाधन विभाग को जिले के अन्य तालाबों को भी चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं जिनके पानी के चैनलों को अतिक्रमण मुक्त करके उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि सभी राशन वितरण केंद्रों पर 3 माह का राशन शत-प्रतिशत वितरित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि बायोमेट्रिक व्यवस्था से 5 दिवस में सभी पात्र हितग्राहियों को 3 माह के गेहूं, चावल, शक्कर, नमक के राशन का वितरण किया जाये। यदि कोई विक्रेता बायोमेट्रिक के माध्यम से हितग्राहियों का अंगूठा लगवाकर 3 माह के राशन के स्थान पर 1 माह का राशन वितरित करते हुये पाया जाता है, तो इसे नियम विरुद्ध प्रक्रिया मानकर उसके बिरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि पात्र किसानों को उनकी फसल व रकबे के अनुरूप समुचित खाद वितरित की जाए। खाद वितरण में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की जाये, लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्धता बनाये रखना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने जर्जर स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं की जायें, बच्चों को संयुक्त रूप से व्यवस्था बनाकर सुरक्षित स्थान पर कक्षाएं संचालित की जाये ताकि सुरक्षा के साथ साथ उनकी पढ़ाई भी प्रभावित न हो। उन्होंने संवेदनशील भवनों की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए। तत्पश्चात कलेक्टर श्रोत्रिय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी विभागों को निर्देश दिए कि सभी विभाग, स्कूल, अपनी रिक्त भूमि पर वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम लगाएं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की प्रगति जानी एवं विभागों को दिए गए लक्ष्यों की विंदुवार समीक्षा की। उन्होंने समग्र आधार ई-केवायसी स्टेटस रिपोर्ट की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम मॉनिट, मुख्यमंत्री आवास से प्राप्त शिकायतों का निराकरण, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण समय पर किया जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, जिला परियोजना अधिकारी सांख्यिकी विभाग रामबाबू गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऊदल सिंह ठाकुर, पीओ डूडा शिवी उपाध्याय, जिला प्रबंधक लोकसेवा अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**वीडियो वायरल, थाने पहुंचा मामला, समझाइश देकर कराया राजीनामा**

# विवाद के दौरान महिला ने साथी किरायेदार महिला पर मारा पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



दो किरायदार महिलाओ में विवाद होने पर एक महिला ने दूसरी महिला पर पत्थर फेंककर मार दिया। हालांकि दूसरी महिला चोटिल होने से बच गई लेकिन इस झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ति महिला ने ज़ब उक्त मामले की शिकायत थाने में की तो पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में एक ही मकान में किराए से रहने वाली दो महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। ज़ब पूंछताछ की गई तो पता चला कि मकान में रहने के विवाद को लेकर दोनों महिलाओं में झगड़ा हो गया था। उक्त घटना सोमवार रात 9 बजे की बताई जा रही है। जबकि इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है। उक्त विवाद की घटना सविता लोधी और मोनिका दांगी नाम की दो महिलाओ के बीच हुआ था। दोनों महिलाये देवी लोधी नाम की महिला के मकान में किराए से रहती हैं। बताया गया कि विवाद के दौरान मोनिका दांगी द्वारा सविता लोधी के साथ गाली गलौच की जाने लगी। जब सविता ने मोनिका को गाली देने से मना किया तो मोनिका मारपीट करने पर उतारू हो गई। इसी बीच विवाद बढ़ने पर मोनिका ने मकान में रखा पत्थर उठाकर सविता की ओर फेंक दिया। हालांकि सविता को कोई चोट नहीं लगी। इसी दौरान सविता के पति जितेन्द्र लोधी ने इस घटना का वीडियो बना लिया। मंगलवार को सविता ने अपने पति के साथ दिगौड़ा पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी ने बताया कि सविता लोधी ने मोनिका पर पत्थर फेंकने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को थाने बुलाकर समझाइश दी और मामला शांत करा दिया है।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विदिशा के विराट ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**मलेशिया से लौटने पर कोच व समर्थकों ने किया भव्य स्वागत**



**विदिशा।** मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर लौटे विदिशा के विराट मांझी का उनके कोच अतुल जाट व खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। विराट ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंडर-45 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया, जिसमें पूरे एशिया से 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ था। अपने पहले मुकाबले में विराट ने सीरिया के अल मोहम्मद अली को हराकर शानदार शुरुआत की। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के शाहीन अब्दुल्ला से कड़े मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उनका प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय रहा। कोच अतुल जाट ने इसे विदिशा के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि विराट को विदेश भेजने में नागरिकों के आर्थिक सहयोग ने अहम भूमिका निभाई।

**दूसरे दिन तालाब में तैरता मिला शव**

# घर में सभी परिजन सोते रहे और पिता हो गए लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत एक मामला संदिग्ध मामला सामने आया है जिसमें घर पर रात में परिजन सोते रहे और घर का बृद्ध मुखिया लापता हो गया। दूसरे दिन वृद्ध का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को तालाब से निकालकर जांच शुरू कर दी है।

जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोर में 80 वर्षीय बुजुर्ग कमतू केवट की तालाब में डूबने से मौत हो गई। कमतू केवट सोमवार देर रात अचानक घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने रात में उनकी काफी खोजबीन की। लेकिन वृद्ध कमतू का कहीं पता नहीं चला। मंगलवार सुबह बुजुर्ग का शव घर से थोड़ी दूर गोर गांव के बड़े तालाब में तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों ने मोहनगढ़ थाना पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों ने नाव की मदद से शव को बाहर निकाला। मृतक के बेटे राजू केवट ने बताया कि उनका घर तालाब से थोड़ी दूरी पर है। राजू ने बताया कि रात में घर के सभी लोग सो रहे थे। इसी दौरान उनके पिता घर से गायब हो गए। काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला। परिवार वालों को आशंका है कि रात में कमतू शौच के लिए बाहर निकले होंगे। इसी दौरान वे तालाब में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा बनाने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मोहनगढ़ थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है रक्षक: अतुल खटीक

**नगर के लोक सेवा केंद्र में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



बरसात के समय में लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। आज का पौधा ही कल वृक्ष बनता है। एक वृक्ष सौ पुत्रो के समान सुरक्षा करता है। यह बात मंगलवार को कृषि उपज मंडी के पास लोक सेवा केंद्र परिसर में पौधरोपण करते समय जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अतुल खटीक ने कही।

### पर्यावरण को भूलते जा रहे

भाजपा नेता अतुल खटीक ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हम पर्यावरण को भूलते जा रहे हैं। इसका बहुत बढ़ा नुकसान सभी को भुगतना पड़ रहा है। पौधे लगाने के बजाय फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं। हरे पेड़ों के काटे जाने से प्रकृति का संतुलन भी बिगड़ता जा रहा है। जिसका खामियाजा हम भारी बारिश तो कही बूंद बूंद को तरसकर भोग रहे हैं। कही भूस्खलन हो रहा है तो बही वातावरण का तापमान बढ़ रहा है। भाजपा नेता खटीक ने कहा कि हमें पौधारोपण करते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि उन पौधों को लगाया जाये जो पेड़ बनकर ऑक्सीजन देने का कार्य वृहद रूप में करते हो। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता अतुल खटीक और उनके सहयोगी कार्यकर्ताओं के द्वारा नीम, शीशम, जामुन, अमलतास, आम, सागौन, आंवला के पौधे लगाए गए। साथ ही सभी लोगों ने संपूर्ण नगर के सौंदर्यीकरण के काम में सक्रियता से भागीदारी करने का संकल्प लिया। इस मौके पर लोक सेवा केंद्र संचालक इंद्रपाल राजपूत, रामनरेश यादव, नीरज खरे पूर्व सरपंच आलमपुरा, सुरेंद्र यादव, मोहन, रॉकी बाबा, विपिन यादव, राकेश टोरिया, संजू खटीक, धर्मेंद्र सोनी उपस्थित रहे।

# इंग्लैंड में जलवा दिखाकर लौटीं क्रांति का हुआ स्वागत

**भाजपा नेता प्यारेलाल सोनी ने शाल श्रीफल से किया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ के निज निवास पर पहुंचे भाजपा नेता प्यारेलाल सोनी ने इंग्लैंड के खिलाफ हालिया सीरीज में 6 विकेट झटक कर भारत को सीरीज जिताने वाली क्रांति गौड़ को बधाई देते हुए शाल एवं श्रीफल भेंट करते हुए सम्मान किया। भाजपा नेता प्यारेलाल सोनी से मुलाकात करते हुए क्रांति गौड़ ने बताया कि अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत छतरपुर जिले के अपने गृह नगर घुवारा में छोटे-छोटे स्थानीय टूर्नामेंट से की थी। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने मध्यप्रदेश की टीम में जगह बनाई और फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। अंततः वे भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बनीं और इंग्लैंड दौरे पर जाकर अपना जलवा दिखाया। क्रांति ने बताया कि उनके शुरुआती दिन संघर्ष भरे थे, लेकिन परिवार के समर्थन और निरंतर अभ्यास से वे इस मुकाम तक पहुंच सकीं। उन्होंने अन्य लड़कियो को जागरूक करते हुए कहा कि अगर कुछ करने का जज्वा हो तो कोई वाधा या अड़चन कुछ नहीं कर पाती। आपको सफलता जरूर मिलती है।

## जन्मदिन, सालगिरह व स्मृतियों के अवसर पर नवांकुर सखियां लगाएंगी पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला व ब्लॉक टीकमगढ़ सेक्टर अनन्तपुरा की ग्राम पंचायत बौरी में 28 जुलाई को नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री एवं जिला सतर्कता मूल्यांकन निगरानी समिति सदस्य गोपाल राय, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह यादव, जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार, नवांकुर संस्था समर्थ नवयुवक मंडल प्रमुख आशुतोष भट्ट, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य श्याम सिंह यादव एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। बही गोपाल राय ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्राम स्तर पर महिलाओं को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया है। जिससे पर्यावरण संरक्षण अभियान में भी अब महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर अभय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण करने के प्रति जागरूकता फैलाने के बाद नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का प्रभाव अभी से दिखाई दे रहा है। नवांकुर सखियां अपने अपने घरों में पौधे तैयार कर बच्चों के जन्म दिन, शादी की सालगिरह और अन्य बिभिन्न स्मृतियों के अवसर पर लगाएंगी। साथ ही दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर नवांकुर सखियों को अमरूद, आंवला के बीज और पालीथीन वितरण की गई। इस अवसर पर नवांकुर सखियों और ग्राम वासियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाएं गए हैं। उन्होंने कहा कि अब जो भी पौधे लगेंगे उनकी सुरक्षा करना सभी का दायित्व रहेगा। इस अवसर पर ग्राम की नवांकुर सखियों और ग्राम वासियों ने सक्रिय सहभागिता का निर्वहन किया।

**एसपी मंडलोई ने पुलिस कर्मचारियों की सुनी समस्याएं, शीघ्र समाधान के निर्देश**

# बीमारियों व छुट्टी से जुड़े मामलों का त्वरित करें समाधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए जिले के पुलिस कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी निजी व सेवा से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना। खासतौर पर बीमारी, दुर्घटना या पारिवारिक कारणों से प्रभावित जवानों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और त्वरित समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### आकस्मिक मामलों का प्राथमिकता से किया जाए समाधान

एसपी मंडलोई ने संबंधित शाखाओं को निर्देश दिए कि बीमारियों सिक प्रकरण और अवकाश से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र और प्राथमिकता से समाधान किया जाए। ताकि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें समय पर राहत मिल सके। साथ ही पुलिस कर्मियों की अन्य समस्याओ को भी प्राथमिकता से सुनकर उनका हर संभव समाधान किये जाने के निर्देश दिए।

### अनुशासन और नियमित परेड में उपस्थिति अनिवार्य

उन्होंने सभी कर्मचारियों को साफ तौर पर कहा कि नियमित परेड में उपस्थित रहना अनिवार्य है। पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि होता है और किसी भी तरह की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनुशासन के मामले में किसी प्रकार की कोई कोताही सहन नहीं की जाएगी।

### जनसुनवाई में वरिष्ठ अधिकारी भी रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, शीघ्र लेखक रत्नेश तिवारी, और सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत कड़ा, गौरव सिंह घोष सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### श्योपुर का बारां से टूटा सडक संपर्क, कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी

# पार्वती नदी खतरे के पार, चंबल ने बढ़ाई धड़कन, बड़ौदा फिर बना टापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को मालवा में हुई भारी बारिश से जहां पार्वती नदी का जल स्तर खतरे के निशान 198 मीटर से करीब 4 मीटर अधिक 201. 88 मीटर हो जाने से श्योपुर बारां मार्ग पर कुहांजापुर के पास बना पार्वती नदी का सूरथाग के पुल से करीब 10 फीट से भी अधिक पानी हो जाने से आवागमन दिन भर बंद रहा। वहीं कोटा बैराज के सभी 12 गेट खोले जाने के बाद चंबल नदी में पानी की आवक लगातार बढ़ने से चंबल नदी किनारे बस गांवों के ग्रामीणों की धडकने भी बढ गई है। चंबल का जल स्तर खतरे के निशान 199.50 मीटर से महज़ तीन मीटर कम (196.36 मी) होने से भी प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिस तेजी से चंबल में पानी की आवक बढ रही है। उससे चंबल के भी खतरे के निशान के पार पहुंचने की संभावना बढ गई है। जिससे चिंतित होना लाजमी है। प्रशासन ने चंबल और पार्वती किनारे बसे करीब दो दर्जन गांव में अलर्ट घोषित करते हुए ग्रामीणों को ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उधर बड़ौदा इस सीजन में चौथी बार फिर टापू बन गया, मंगलवार को पूरे बड़ौदा की बस्तियों में 2 से 5 फीट तक पानी भर जाने के कारण जीवन दिन भर अस्त-व्यस्त बना रहा।

यूं तो श्योपुर जिले की प्रमुख नदियां सीप और क्वारी तथा उनकी सहयोगी नदियां में जल स्तर तो बढ रहा है,लेकिन इन नदियों में बारिश के कारण पानी का बहाव इतना अधिक नहीं है कि उसे खतरा माना जाए लेकिन मालवा में हुई बारिश से पार्वती नदी और कोटा चंबल बैराज के 12 गेट खोल दिए जाने से चंबल नदी का पानी भी अत्यधिक बढ़ जाने के कारण लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। कई गांव में प्रशासन को अलर्ट घोषित करना पड़ा है हालांकि खातौली के पास नया पुल बन जाने के कारण श्योपुर से कोटा मार्ग इस साल बंद नहीं हुआ है लेकिन कुहांजापुर के पास सूरथाग के पुल के ऊपर 10 फीट से भी अधिक पानी होने से श्योपुर से बारां मांगरोल जाने वाला रास्ता दिन भर बंद रहा। जिस कारण इस क्षेत्र में जाने वाले और उधर से आने वाले लोग परेशान रहे और दिनभर सोशल मीडिया पर लोग पानी की स्थिति की जानकारी लेते दिखे।



#### बड़ौदा चौथी बार बना टापू, जनजीवन अस्त व्यस्त

बिन नदी के ही जल निकासी ठीक नहीं होने से इस साल बारिश के सीजन में बड़ौदा कस्बा चौथी बार टापू बन गया। बडौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भीतर घुटनों तक पानी भर जाने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। बडौदा नगर के कई मोहल्लों में पानी कमर तक पहुंच गया है। दुकानदारों का माल भीग कर खराब हो गया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। कई घरों में तो पानी कमर तक घुस गया है, घबराए लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा।

#### बीते 24 घंटे में हुई बारिश की स्थिति

| तहसील | 24 घंटे में बारिश | अब तक बारिश |
|---|---|---|
| श्योपुर | 30 मिमी | 901.5 मिमी |
| बडौदा | 55 मिमी | 1131.1 मिमी |
| कराहल | 109 मिमी | 1039.2 मिमी |
| विजयपुर | 60 मिमी | 819 मिमी |
| वीरपुर | 10 मिमी | 884 मिमी |
| कुल | 52.8 मिमी | 955.02 मिमी |



#### पार्वती चंबल किनारे बसे गांवों के लिए एडवाइजरी जारी

बढ़ती बारिश एवं राजस्थान में कालीसिंध पर बने नौनैरा डैम के 27 गेट खोले जाने की स्थिति में चंबल नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। लगभग 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके अंतर्गत श्योपुर ज़िले में चंबल किनारे बसे गांव के लिए प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। सामरसा, विचपुरी, छोलगठा, तलावदा, टोंगनी, खैरघटा, सियापुर, रामेश्वर, उंचाखेड़ा और नदीगांव शामिल हैं। इसके अलावा लीलोली, दिमरछा, सांड, दांतेटी, आवनी, नितिनवास, सिरसौद, जैनी और बगदरी भी प्रमुख गांव हैं जहां अलर्ट किया गया है। सातेर, वातरदाकला, चुंगीपुरा, साडा का पाड़ा, वरौली, जवासा, विलोनी, खिरखिरी, चक गोहटा, चक घेरा और गोवरधा के ग्रामीणों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।इसके साथ ही पार्वती नदी के किनारे बसे गांव सूंडी, जलालपुरा, झोपणी, कीरपुरा, दलारनाकला, मलारना, ईचनाखेड़ली अडवाड, अडूसा, मूदला का पाड़ा, छीटाखेड़ली, लहचौड़ा और वनवाडा आदि में लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। उपरोक्त गांव के ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे नदी किनारे न जाएं, मवेशी उन स्थानों पर न चराएं जहां नदी का डूब क्षेत्र हो। संबंधित गांव के पटवारी एवं ग्राम सचिवों को कैंप करने के निर्देश दिए हैं।

### श्योपुर एसडीएम बनाए गए आईएएस अफसर गगन सिंह शीघ्र ही आएंगे

# आमजन की समस्याओं का समाधान करना रहेगी प्राथमिकता:गगन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

शासन के निर्देशों का शीघ्रता के साथ पालन कराए जाने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं का समाधान करना भी मेरी प्राथमिकता रहेगी। यह बात श्योपुर के एसडीएम बनाए गए आईएएस अफसर गगन सिंह मीना ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान अपनी प्राथमिकता बताते हुए कही। साथही उज्जैन से रिलीव होने के बाद शीघ्र ही श्योपुर आकर पदभार ग्रहण करने की बात बताई। दरअसल वर्ष 2023 बैंच के आईएएस अफसर गगन सिंह मीना फिलहाल उज्जैन में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ है। जहां से उन्हें शासन के द्वारा एसडीएम श्योपुर के रूप में नई पदस्थापना दी गई है। उज्जैन के सहायक कलेक्टर पद से जल्द ही भारमुक्त होने के बाद वे श्योपुर के लिए रवाना हो जाएंगे और यहां पहुंचकर विधिवत रूप से एसडीएम श्योपुर का पदभार ग्रहण करेगे।



#### राजस्थान के निवासी है मीना

श्योपुर के नए एसडीएम बनाए गए आईएएस अधिकारी गगन सिंह मीना मूलतःराजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के गंगापुर सिटी क्षेत्र में बसे गांव मीणा बडौदा के निवासी है। किसान परिवार में जन्मे गगन सिंह मीना ने वर्ष 2022-23 की यूपीएससी परीक्षा में इतिहास रचते हुए ऑल इंडिया लेवल में 120 वीं रैंक हांसिल की है और आईएएस अफसर के रूप में चयल किए जाने के बाद उन्हें मध्यप्रदेश कैडर आंवटित किया गया।

#### आईपीएस अफसर भी बन गए थे गगन सिंह

आईएएस अफसर बनने से पहले गगन सिंह आईपीएस अफसर के रूप में भी चयनित हो गए थे और आईपीएस अफसर बनने के बाद उन्हें गृह विभाग के द्वारा हरियाणा कैडर भी आंवटित कर दिया गया था। लेकिन गगन सिंह का सपना आईएएस अफसर बनने का था, इसलिए उन्होंने एक बार फिर वर्ष 2022-23 में यूपीएससी परीक्षा देकर इतिहास रचते हुए आईएएस अफसर बनने का अपना सपना पूरा किया। बता दें कि उन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए यूपीएससी परीक्षा के अलावा और कोई दूसरा एग्जाम भी नहीं दिया था।

### नपा द्वारा अतिक्रमण हटाने से घबराए पड़ोसी दुकानदार

# नपा ने अपनी ही 100 साल पुरानी धरोहर पर चलाई जेसीबी, नाला निर्माण का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एनएचआई द्वारा निर्माणाधीन नाले में बाधा बन रही नगर पालिका स्वामित्व वाली धरोहर (पुराना टेलीफोन एक्सचेंज वाली बिल्डिंग) की बाउंड्री वाल को मंगलवार के रोज नगर पालिका ने जेसीबी से तोड़कर साफ कर दिया। नगर पालिका द्वारा अपनी ही 100 साल पुरानी धरोहर पर जेसीबी चलाने से उन दुकानदारों की परेशानी बढ़ गई है, जो बीते एक सप्ताह से अपनी दुकानें बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बता दे कि तीन रोज पहले एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव ने जय स्तंभ पर पहुंचकर वहां पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज बिल्डिंग से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगला रामतलाई हनुमान मंदिर रोड तक सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बन रही दुकानों को तोड़ने के लिए वहां जमे दुकानदारों को चेतावनी देते हुए तीन दिन में दुकान खाली कर देने के निर्देश दिए थे उस निर्देश की पालना मंगलवार को नगर पालिका ने करते हुए अपने स्वामित्व की टेलीफ़ोन एक्सचेंज वाली बिल्डिंग की बाउंड्रीवाल को तोड़कर सड़क को करीब तीन से चार फीट चौड़ा कर दिया है। नगर पालिका द्वारा अपनी बिल्डिंग की दीवारें तोड़ने और सड़क को चौड़ा कर देने से अब उन दुकानदारों पर संकट आ गया है जो इस भवन से आगे जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगले के बाहर गुमठियां लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अब उक्त गुमटियों को कभी भी रात में हटाकर और एनएचआई सड़क की चौड़ाई के अनुसार नाला निर्माण शुरू कर देगी।



#### दुकानदारों की मांग दूसरी जगह दी जाए दुकानें

जिला पंचायत अध्यक्ष के बंगले के बाहर नगर पालिका द्वारा बनाए गए चबूतरे पर गुमठियां रखकर दुकानदारी कर रहे दुकानदार गुमटियों का किराया नगर पालिका को अदा करते हैं। दुकानदारों के अनुसार वह 40 सालों से वहां स्थापित हैं। विगत दिनों कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान के साथ दुकानदारों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर मांग की थी कि उन्हें उक्त स्थान से हटाया जाना जरूरी हो तो उन्हें दूसरे स्थान पर दुकान बनाकर व्यवसाय करने का अवसर प्रदान किया जाए।

## 14 अगस्त को मनेगा भगवान धरणीधर का जन्मोत्सव, तैयारियों को लेकर बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

धाकड समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर का जन्मोत्सव 14 अगस्त को बडौदा कस्बे में धाकड समाज के द्वारा भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर एक बैठक बुधवार 30 जुलाई को दोपहर 3 बजे से बृजबिहारी मंदिर पर आयोजित की जाएगी। यह निर्णय छात्रावास में आयोजित धाकड समाज बडौदा की बैठक में लिया गया। धाकड समाज की कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने इस बैठक में समाजीय लोगो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## सडक की समस्या को लेकर आज जाम लगाएगी युवा कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

नगदी,नागदा, ईच्छापुरा, मातासूली और तिल्लीपुर आदि गांव के लोगों को मेडिकल कॉलेज पर पहुंचने के लिए सडक न होने संबंधी समस्या को लेकर युवा कांग्रेस बुधवार को सुबह 11 बजे सलापुरा नहर पर जाम लगाएगी। यह जानकारी युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी है। उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीणों सहित युवा कांग्रेसियों से जाम के दौरान अधिक से अधिक उपस्थित होकर सडक की समस्या के लिए उठाई जा रही आवाज को बुलंद किए जाने का अनुरोध किया है।

#### पार्वती नदी में मिली अज्ञात युवक की लाश

श्योपुर। बडौदा थाना पुलिस ने मंगलवार को पार्वती नदी से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नही हो सकी है,लेकिन बडौदा थाना पुलिस ने युवक की लाश को नदी से बरामद कर पीएम के लिए जिला अस्पताल में भिजवा दिया है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को अज्ञात युवक की लाश को ग्राम पनवाड के नजदीक पार्वती नदी किनारे पत्थरों से बरामद किया है। संभवतः यह लाश आगे से बहकर आई है। युवक के हाथ में राजू नाम गुदा हुआ है, उसकी शिनाख्ति के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### टम टम चलाने की बात पर विवाद

श्योपुर। विजयपुर में सुनवई रोड पर बीती शाम को ई रिक्शा चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान नामजद आरोपी रघुवीर कुशवाह और उसके भाई बदन सिंह कुशवाह निवासी बरांकला ने मिलकर फरियादी सिद्धनाथ शर्मा निवासी बरांकला की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने सिद्धनाथ शर्मा की रिपोर्ट पर उक्त दोनो भाईयों पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

## खेत में नीचे झुका बिजली का पोल, हादसे का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

चंद्रपुरा स्थित पेट्रोलपंप के पीछे मौजूद खेतों से गुजरी 11 केव्ही बिजली लाइन का एक पोल नीचे झुकता जा रहा है। जिससे जनहानि का खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसके बारे में आसपास के किसानों के द्वारा बिजली कंपनी के लोगों को बता दिया गया है,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके बाद किसानों ने इसकी शिकायत बिजली कंपनी के अधिकारियों से करते हुए इस बिजली पोल को दुरूस्त करने की मांग की है। किसान चंद्रभान, हरिराम, रामसिंह, सत्तू आदि किसानों ने बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक के नाम दिए आवेदन में बताया है कि यह बिजली का पोल इतना नीचे झुक गया है कि वह कभी भी खेत में गिर सकता है। यदि बिजली का खंभा नीचे खेत जाकर गिरा तो जन हानि होना तय है। क्यांकि इस समय खेतो में धान की फसल खडी होने से पानी भरा हुआ है और फसल की देखरेख के लिए किसानों का खेत पर मौजूद रहना लाजमी है। ऐसे में बिजली पोल के नीचे गिरने से करंट फैलने से बडा हादसा घटित हो सकता है,इसलिए जल्द ही इस बिजली पोल को दुरूस्त किया जाए।

# आंकाक्षा हाट कार्यक्रम 1 अगस्त को कलेक्टर ने दिये तैयारियों के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत 01 अगस्त को आंकाक्षी हाट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम निषादराज भवन में होगा, इस दौरान आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हित संकेतको के सेचुरेंशन के उद्देश्य से गत वर्ष आयोजित किये गये संपूर्णता अभियान अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले फ्रंटलाइन वर्करो को भी सम्मानित किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एक बैठक लेकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि संपूर्णता सम्मान समारोह अंतर्गत विभिन्न सूचकांको के सेचुरेंशन में बेहतर कार्य करने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जायें, इसके लिए फ्रंटलाइन वर्करों का उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर सम्मान के लिए चयनित किया जायें। इसी प्रकार आंकाक्षा हाट का आयोजन करते हुए स्वसहायता समूहों के उत्पादो की स्टॉल लगाये जाये तथा उत्पादो की ब्राडिंग की जायें। कलेक्टर द्वारा उक्त कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी बनाया गया है।




#### कलेक्टर 20 अगस्त को होंगे सम्मानित

आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न सूचकांको के सेचुरेंशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा तथा पूर्व पदस्थ कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड को भोपाल में 20 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जायेगा। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत श्योपुर के तीनो विकासखण्ड चयनित है।

### आदिवासी महिला ने पीएम आवास दिलाने के बदले अफसरों पर मुर्गा दारू मांगने का लगाया आरोप

# जनसुनवाई में हंगामा कर रही महिला को सिपाही ने रोका तो बोली आत्मदाह कर लूंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को जनसुनवाई में आई एक महिला ने जोरदार हंगामा किया। जब कलेक्ट्रेट पर तैनात सिपाही ने उसे रोका तो वह अधिक चीखने चिल्लाने लगी और सुनवाई नहीं होने पर आत्मदाह करने की धमकी तक दे डाली। महिला के जोर-जोर से चिल्लाने पर भीड़ एकत्रित हो गई। महिला पीएम आवास योजना में अधिकारियों पर आवास दिलाने के नाम पर रिश्वत में दारू मुर्गा मांगे जाने का आरोप लगाते हुए जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंची थी।

श्योपुर के वार्ड नंबर 8 में रहने वाली भरोसी बाई ने जनसुनवाई में जिपं सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर को आवेदन देते हुए बताया कि नगर पालिका में अधिकारी कर्मचारी पीएम आवास योजना में हितग्राहियों से रुपए लेकर राशि डलवा रहे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ 10 लोगों का आवास स्वीकृत हुआ था जिनमें से 9 लोगों ने 10 10 हज़ार रुपए रिश्वत दे दिए तो उनके आवास की राशि उनके खातों में डलवा दी लेकिन उसके द्वारा पैसे नहीं देने पर उसके आवास की राशि नहीं डाली गई है। महिला ने नपा के एक आरआई पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह आवास स्वीकृत कराने के बदले 10 हजार रुपए के साथ दारू मुर्गा की पार्टी भी मांग रहा था मैंने यह अनुचित मांग पूरी नहीं की इसलिए मेरा आवास निरस्त कर दिया। जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद महिला ने बाहर आकर हंगामा शुरू कर दिया जिसे कलेक्ट्रेट में तैनात पुलिस कर्मियों ने रोकने का प्रयास किया।



#### साहब! एसडीएम के निर्देश भी नहीं मान रहा पटवारी

मंगलवार को जनसुनवाई कर रहे जिपं सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर उस समय भौचक रह गए जब वीरपुर क्षेत्र से फरियाद सुनाने जिला मुख्यालय पहुंचे रामेश्वर रावत ने उन्हें आवेदन देते हुए बताया कि साहब! हमारे हल्के का पटवारी एसडीएम के निर्देश भी नहीं मान रहा है। रामेश्वर ने बताया कि उसकी जमीन लीलदा गांव में स्थित है जिसके बटांकन के बाद नंबर बदल गया है जिसका सीमांकन जरूरी है एसडीएम विजयपुर ने हमारे आवेदन पर टीम बनाकर 7 दिवस में सीमांकन करने के निर्देश जारी कर दिए, लेकिन बीते कई महीनो से पटवारी टालमटोल कर रहा है कभी कहता है कि सीमांकन करते समय मेरे ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई तो जिम्मेदार कौन होगा कभी कुछ बहाने बना देता है। जिपं सीईओ ने आवेदन को एसडीएम विजयपुर की ओर प्रेषित कर दिया है।

#### बीपीएल सूची में नाम जोड़ने और संबल प्रकरण ऑनलाइन करने के निर्देश

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्योपुर अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में बैठकर जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 142 आवेदन प्राप्त हुए। जिनकी सुनवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने जनसुनवाई के दौरान कॉलेज के सामने श्योपुर निवासी सुरेश सुमन का नाम बीपीएल सूची में जोडने के निर्देश एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को दिए है।जनसुनवाई में पति के साथ पहुंची महिला संतोष बाई ने बताया कि उसके पति को दोनो आंखो से दिखाई नही देता है, इसी प्रकार उसे भी बहुत कम दिखाई पडता है, बच्चें छोटे है, इसलिए बीपीएल सूची में नाम जोडा जायें, इस पर निर्देश दिये कि प्राथमिकता के साथ नाम जोडने की कार्यवाही की जायें। इसी प्रकार ग्राम बांसरैया निवासी महिला रचना आदिवासी को जन कल्याण संबल योजना के तहत लाभ देते हुए उसके आवेदन को ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए है। महिला ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि उसके पति स्व. पंचम आदिवासी की सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, उक्त आवेदन के परीक्षण उपरांत पाया गया कि आवेदन ऑनलाइन नही होने से लाभ मिलना लंबित है, इस पर तत्काल आवेदन ऑनलाइन कराने की कार्यवाही की गई। योजना के तहत विधवा महिला को 4 लाख रूपये की राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी।

## जमीनी विवाद पर आदिवासी दंपति पर लाठी कुल्हाड़ी से हमला, तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

देहात थाना क्षेत्र स्थित गांव रामपुरा डांग में बीती रात को जमीनी जोतने संबंधी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान तीन आरोपियों ने आदिवासी दंपति पर लाठी कुल्हाडी से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया है। पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात लोगों पर मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि रामपुरा डांग निवासी रामप्रसाद आदिवासी और उसकी पत्नी नीतू बाई आदिवासी जब सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात को खेत के पास बने घर पर थे,तभी वहां गुरजीत उर्फ जीता सरदार अपने दो अन्य साथियों को लेकर पहुंचा और जमीन जोतने संबंधी बात को लेकर रामप्रसाद और उसकी पत्नी पर लाठी कुल्हाडी हमला कर दिया,जिससे ये दोनो घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में रामप्रसाद के भाई लालन आदिवासी की रिपोर्ट पर गुरजीत उर्फ जीता सरदार निवासी सेमल्दा तथा दो अन्य लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

#### 10 को जैनी की बावडी पर होगी भजन संध्या

श्योपुर। ग्राम जैनी की बावडी पर आगामी 10 अगस्त को एक शाम श्री क्षेत्रपाल बाबा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई भजन गायक अपनी भजनों की रोचक प्रस्तुति देगे। आयोजन समिति के रामलखन सेन ने बताया कि यह भजन संध्या 10 अगस्त शनिवार को रात्रिकालीन समय पर जैनी की बावडी पर आयोजित की जाएगी। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका वंदना राव, गायक दिनेश बम्बोरी सहित अन्य कई भजन गायको को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने लेखन कौशल का प्रदर्शन किया

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष में एक भव्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों और कोचिंग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने लेखन कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान, विद्यार्थियों ने, उद्देश्यों और उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के निबंधों का मूल्यांकन किया और तीन विजेताओं का चयन किया विजेताओं को पुरस्कृत किया गया प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार हर्षराज सक्सेना को दिया गया, जिन्होंने अपने निबंध खेलो के महत्व को बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत किया। द्वितीय पुरस्कार शिवकांत कुशवाहा को दिया गया, । तृतीय पुरस्कार आदर्श यादव को दिया गया, जिन्होंने अपने निबंध में लोकतंत्र के भविष्य , संभावनाएं वी खतरों पर चर्चा की। जिसमें दो संवेदनाएं पुरस्कार भी दिए गए । यश भर्गव और प्रतीक यादव नगर मंत्री का संबोधन कार्यक्रम मे नगर मंत्री उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हमेशा विद्यार्थियों के हितों की रक्षा की है और उन्हें समाज के लिए तैयार किया है। इस कार्यक्रम मैं मौके पर उपस्थित नगर अध्यक्ष प्रशांत परिहार, नगर उपाध्यक्ष हर्ष भार्गवा, नगर शहमंत्री राज भार्गव , प्रदीप दुबे, नितिन साहू , आदि अन्य कार्यकर्ता एवं स्कूल और कोचिंग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अंकित सर क्लासेस के प्रांगण में किया गया था। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया विजेताओं की प्रतिक्रिया विजेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस प्रतियोगिता ने उन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में जानने का अवसर दिया और उन्हें अपने लेखन कौशल को विकसित करने में मदद की।

### अभाविप ने किया विरोध प्रदर्शन

## रास्ते में कीचड़, जर्जर स्कूल भवन 1000 छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिनारा, जिसमें लगभग 900 से 1000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत इसकी जर्जर स्थिति और विद्यालय तक पहुंचने वाले कीचड़युक्त रास्ते को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एवीबीपी) दिनारा इकाई ने विरोध प्रदर्शन किया। फूला माता मंदिर के पास की कच्ची सड़क, जो कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिनारा को जोड़ती है, भारी बारिश के कारण कीचड़ से भर चुकी है। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रतिदिन इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है, जो अब गंभीर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। विद्यालय भवन की स्थिति भी चिंताजनक है। जगह-जगह से दीवारें टूटकर गिर रही हैं। कई कमरों की छतें जर्जर हो चुकी हैं। वहीं, विद्यालय प्रांगण एवं कक्षाओं में गंदगी और साफ-सफाई की घोर अनदेखी की जा रही है। बुनियादी सुविधाओं से वंचित शिक्षा का मंदिर, अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि - स्कूल भवन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, कीचड़युक्त रास्ते का पक्कीकरण किया जाए, और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। स्कूल चले अभियानपर उठे सवाल जहां एक ओर केंद्र व राज्य सरकारें 'स्कूल चले अभियान' पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, वहीं दिनारा क्षेत्र के ये शासकीय विद्यालय बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी से जूझ रहे हैं। लगभग 200झ250 मीटर लंबे कीचड़ भरे रास्ते ने छात्रों की उपस्थिति और पढ़ाई दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।उग्र आंदोलन की चेतावनी - स्थानीय छात्रों, अभिभावकों और समाजसेवियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक शिक्षा का माहौल मिल सके।

#### इनका कहना है

अभाविप ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई कर सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो प्रशासन को जगाने के लिए उग्र आंदोलन किया जाएगा।रास्ता बहुत खराब है। मैं स्कूल जा रही थी तो मेरी चप्पल कीचड़ में खो गई, और मेरी ड्रेस भी पूरी तरह गंदी हो गई। मुझे बिना पढ़े स्कूल के बाहर से वापस घर लौटना पड़ा।

**लवी** कोली छात्रा

प्रतिदिन छात्र इस कीचड़ भरे रास्ते से निकलते हैं, दूसरा कोई रास्ता नहीं है, निकलते समय मेरा पूरा जूता गंदा हो गया है। अब घर जा रहा हूं।

**अंश** यादव छात्र

स्कूल में पढ़ते समय घबराहट होती है, कहीं छत हमारे ऊपर न गिर पड़े, पूरी छत से सीमेंट की पट्टी टपक रही हैं।

**आरुषि** वंशकार छात्रा



## हनुमान मंदिर पर हुआ शिवलिंग निर्माण, दूसरी हुआ आयोजन

दिनारा। हनुमान मंदिर पर क्षेत्रवासियों द्वारा आस्था के केंद्र पर सवान माह के पावन पवित्र शिवलिंग निर्माण भक्ति में शक्ति है यह का आयोजन किया गया। नगर नगरवासी व क्षेत्रवासियों के सहयोग से शिवलिंग निर्माण किया जा रहा हैं। भोलेनाथ से यही मनोकामना है कि हमारा हिंदू राष्ट्र बने दिनारा में भाव गोशाला बने और हमारी गौ माता राष्ट्रीय पशु घोषित हो, यही हमारी मनोकामना है। जन कल्याण विश्व कल्याण मनोकामना करते हैं, कि जीव जंतु पशु पक्षी मानव पर्यावरण पृथ्वी पर जितने भी जीव जंतु निवास कर रहे हैं। उन सब की रक्षा भोलेनाथ करें, यही हमारी मनोकामना है। एक संदेश और देना चाहते हैं, जितना हो सके उतने पेड़ पौधे जिससे हमें शुद्ध वायु शुद्ध वातावरण शुद्ध ऑक्सीजन जिससे हमारा शरीर फि ट रहेगा। ऑक्सीजन अच्छी मिलेगी पेड़ पौधे, एक बेटे के समान है, हम सब लोगों की इनकी रक्षा करने चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाओ कोई काट न सके पेड़ सुरक्षित जीवन सुरक्षित और मैं यही कहना चाहता हूं। यह आयोजन मंदिर के पुजारी कल्लू महाराज गौ सेवक करवा रहे हैं, आयोजन में दीपक तिवारी, धर्मेंद्र लोधी, दीपक लोधी, जितेंद्र योगी, संजू ठाकुर, शिवम झा, मैथिली शरण गुप्ता, नीरज लोधी, निलेश लोधी, रामकुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अवैध हथियार रखने का आरोपी गिरफ्तार देसी कट्टा मय 4 राउंड किया गया जब्त

**दिनारा।** पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने बालों के खिलाफ कार्यवाही कर आरोपी विशाल यादव के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा मय चार जिंदा राउण्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी अमन सिंह राठौड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव मुले के मार्गदर्शन मे तथा एसडीओपी करैरा श्री शिवनारायण मुकाती के निर्देशन मे जिले मे अवैध हथियारो के विरूद्द चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.07.2025 को मुखबिर की सूचना पर से थाना दिनारा पुलिस द्वारा घटना स्थल सेंवडी रोड गर्स हास्टल के पीछे से आरोपी विशाल यादव पुत्र सतीश यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम अम्वारी थाना दिनारा जिला शिवपुरी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा मय चार जिंदा राउण्ड को जप्त कर आरोपी विशाल यादव को गिरफ्तार किया गया। वापसी पर आरोपी के विरूद्ध थाना दिनारा पर अपराध क्रमांक 177/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्द किये गया।



### जनसुनवाई में एसपी कार्यालय में दिया आवेदन

# पति के हत्यारे से गाली गलौज कर धमकी देकर राजीनामा करने का बना रहे दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



खनियांधाना तहसील के अंतर्गत आने वाले खिरिया गांव की रामसकी यादव पत्नी बृजभान सिंह यादव ने मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी कार्यालय में दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व मेरे पति बृजभान सिंह यादव की नीलम यादव, नाहर सिंह यादव, राव साहब, रामदयाल सैन, धर्मेन्द्र सैन एवं कुल सिंह यादव द्वारा जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडों एवं धार धार हथियार से मारपीट करके हत्या कर दी थी, जिसमें में और मेरे परिवार के लोगों ने पुलिस थाना बामोर कला जाकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई। लेकिन उक्त अपराधियों को आज तक पुलिस थाना बामोर कला द्वारा पकड़ा नहीं गया और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। मैं और मेरे परिवार के लोग खेत पर नहीं जा पा रहे हैं और आए दिन आरोपी गण में और मेरे परिवार के लोगों को गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी देकर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। इसकी शिकायत हमने थाना बामोरकला में कराने गए तो बामोर कला थाना प्रभारी राजकुमार चाहर कोई एक्शन नहीं लिया गया और हत्या के आरोपी खुलेआम घूम कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसकी शिकायत लेकर आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ से परिजनों ने आरोपी गणों को गिरफ्तार करके न्याय की गुहार लगाई है।

# उपसरपंच का गांव नहीं पहुंच सका शव, बीना में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

### लगातार बारिश से गढ़ा-पडरिया मार्ग हुआ बंद, परिजनों को नाव से नदी कराई पार



लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। देर रात शुरू हुई बारिश मंगलवार को दिन भर होती रही। कभी रिमझिम तो कही तेज बारिश हुई। तेज बारिश के कारण बीना-खिमलासा, गढ़ा-पडरिया, बीना-देहरी मार्ग बंद हो गया। जिससे कई गांव का संपर्क शहर से कट गया। गढ़ा से शहर पढ़ने आए बच्चे मोतीचूर नदी के पुल के ऊपर अधिक पानी होने के कारण घर नहीं लौट सके। इन बच्चों को दूसरे गांव में शरण लेनी पड़ी।

**नाव से पार कराई नदी-** जानकारी अनुसार ग्राम पडरिया उपसरपंच अनीता पति साहब सिंह ठाकुर का इलाज भोपाल में चल रहा था। उनका निधन होने पर उनके शव को बीना लाया गया। लेकिन गढ़ा-पडरिया मार्ग पर बनी पुलिया पर पानी होने के कारण परिजनों ने निर्णय लिया गया कि महिला उपसरपंच का अंतिम संस्कार बीना में ही किया जाए। लेकिन परिजनों को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नदी को पार करना था। जिसकी सूचना लगते ही एसडीएम विजय डेहरिया, एसडीओपी पटेल एवं थाना प्रभारी अनूप यादव ने मौके पर पहुंचे और नदी का मुआयना किया। बाद में थाना प्रभारी अनूप यादव ने एसडीआरएफ की टीम के साथ नाव में बैठ कर दूसरी तरफ पहुंचे और 3 चक्कर लगाकर करीब 10-12 परिजनों को नदी पार कराई, जो बाद में बीना पहुंचे। साथ ही कुछ लोग बीना भोपाल रेलवे लाइन के किनारे कई किमी चलकर बीना पहुंचे।

**दूसरे गांव में बितानी पड़ी रात-** गढ़ा सरपंच संजय उपाध्याय ने बताया कि गांव के 4 बच्चे पढ़ाई करने शहर आए थे। लेकिन लौटते समय गढ़ा पडरिया मार्ग पर बने पुल के ऊपर से पानी आ जाने के कारण बच्चे स्कूल से घर वापस नहीं जा सके। उन्होंने बताया कि बच्चों को ग्राम गोदना में निरन लोधी के घर रोका गया है। शहर के अंडरब्रिजों में भरा बारिश का पानी- लगातार बारिश होने के कारण शहर के अंडरब्रिजों में पानी भर गया। जिससे कुछ समय के लिए रास्ते बंद हो गए। सुरक्षा के लिए कहीं पुलिस तो कहीं रेलवे ने अपने कर्मचारियों की तैनाती की गई। खिमलासा मार्ग पर स्थित अंडरब्रिज में पानी भर जाने के कारण तहसील की और जाने वाला रास्ता बंद हो गया। वहीं सागर गेट एवं झांसी गेट पर बने अंडरब्रिज में भी पानी भर गया। मोतीचूर नदी फिर उफनी- वहीं लगातार एवं तेज बारिश होने के कारण मोतीचूर नदी में उफान आ गया। जिस कारण बड़ा मंदिर स्थित बने घाट पानी से डूब गए। वहीं देहरी रोड पर बारिश का पानी आ जाने के कारण रास्ता बंद हो गया। जिससे कई गांव का संपर्क शहर से कट गया।

### धनोरा पूरा में नवांकुर सखी कार्यक्रम संपन्न

## आज समय समानता का है: उषा राय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्राम धनोरा पूरा में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा राय ने कहा कि आज का समय समानता का समय है जिसमें महिला पुरुष कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे है और आज के दौर में महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में बढ़ रही है। नारी शक्ति के रूप में महामहिम राष्ट्रपति भी भारत का नेतृत्व कर रही है। नारी शक्ति जिस भी क्षेत्र का कार्य अपने हाथ में लेती है, वह बहुत अच्छे परिणाम लाता है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अपनी नवांकुर योजना अंतर्गत आयोजित नवांकुर सखी कार्यक्रम उत्कृष्ट कार्यक्रम है जो कि पर्यावरण के क्षेत्र महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। विकासखंड समन्वयक नीरज शर्मा ने नवांकुर सखी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। संस्था सचिव सत्यजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे स्थानीय पर्यावरण के पौधों को जो हमारे पर्यावरण के अनुकूल है, हमें वैसे पौधें इमली, कैथ, छेवला, बेर, महुआ आदि का आर्थिक और औषधीय लाभ लेते रहना चाहिए। समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## मुंगावली सिविल अस्पताल में नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को दिलाई शपथ



**मुंगावली।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत सोमवार 28 जुलाई को शासकीय सिविल अस्पताल मुंगावली में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना था।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर धर्मवीर सिंह यादव एवं उनकी टीम मौजूद रही। डॉक्टर यादव ने बताया कि नशे की लत से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, जिससे न केवल उसका जीवन संकट में पड़ता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने नशे से होने वाली बीमारियों और सामाजिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अभियान के तहत उपस्थित मरीजों, अस्पताल स्टाफ और अन्य लोगों को नशा न करने और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुंगावली थाना स्टाफ भी उपस्थित रहा। अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने नशे से मुक्त स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट था। नशे से दूरी है जरूरी, तभी बनेगी स्वस्थ और सशक्त पीढ़ी।

## रघुकुल सेवा समिति ने निकाली नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नईसराय



पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रघुकुल सेवा समिति द्वारा हरियाली महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को ग्राम कालाबाग में नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा प्राचीन महाकालेश्वर मंदिर गुफा से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत भवन तक निकाली गई, जिसमें 150 से अधिक नवांकुर सखियों ने कलश लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान हर हर पौधा, घर-घर पौधा जैसे पर्यावरणीय नारों के माध्यम से ग्रामीणों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। यात्रा के उपरांत कार्यक्रम का आयोजन शासकीय विद्यालय प्रांगण में किया गया जिसकी शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह रघुवंशी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नारी शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जैसे हम बच्चों का पोषण करते हैं वैसे ही पेड़ों की भी देखभाल आवश्यक है। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि शिवप्रताप रघुवंशी ने एक पेड़ माँ के नाम एवं एक बगिया माँ के नाम अभियान की जानकारी दी और सभी से इन अभियानों से जुड़ने की अपील की। भाजपा जिला मंत्री सुनील रघुवंशी ने हरियाली महोत्सव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने जन अभियान परिषद की कार्यप्रणाली, नवांकुर सखी कार्यक्रम एवं इस यात्रा के सामाजिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। विकासखंड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक ने कहा कि नारी शक्ति अपनी स्वप्रेरणा से समाज में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा सकती है। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, गो सेवा और स्वच्छता जैसे कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, बच्चे व सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।